Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:28 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:07 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 178 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 5 जनवरी 2026

लिया क्रिस्टल डिसूज़ा का नाम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कप्तान ने कई दरोगाओं के तबादले किए, एसएसआई नवीन काशीपुर भेजे गए

रुद्रपुर। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कई दरोगाओं के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया है। रुद्रपुर कोतवाली में तैनात एसएसआई नवीन बुधानी को काशीपुर कोतवाली इसी पद पर भेजा गया है। जब कि काशीपुर कोतवाली से एसएसआई केसी आर्य की रुद्रपुर कोतवाली में इसी पद पर तैनाती की है। इसके अलावा रुद्रपुर कोतवाली में द्वितीय एसएसआई अनिल जोशी को किच्छा कोतवाली भेजा गया है। जोशी की इसी पद पर तैनाती की गई है। एसएसपी ने स्थानांतरित किए गए दरोगाओं को नई तैनाती स्थान पर तत्काल प्रभाव से आमद कराने के निर्देश दिए हैं। एसएसआई नवीन बुधानी के स्थानांतरण होने पर कोतवाली पुलिस ने विदाई दी है। उधर पुलिस सूत्रों की मानें तो कुछ समय पहले भी एसएसपी ने कई दरोगाओं के तबादले किए। इसमें हाल ही में पिथौरागढ़ से स्थानांतरित होकर आए दरोगा को काशीपुर सर्किल की एक चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

### तेंदुए की डर से लोगों का घर से निकला मुश्किल

अल्मोड़ा। नगर में तेंदुए की दहशत से लोगों का घर से निकला मुश्किल हो गया है। नगर क्षेत्र में लगातार तेंदुए दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में लोगों ने डीएफओ पर अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

इस मामले में तल्ला जोशीखोला निवासी चंद्र जोशी ने स्थायी लोक अदालत में अपील पत्र दिया है। उन्होंने अपील में कहा कि बीते 14 दिसंबर को उनके मोहल्ले के पास आर्य कन्या इंटर कॉलेज के खंडहर और देवी मंदिर के पास गुलदार की आवाजाही देखी गई। कहा कि इसके बाद 18 दिसंबर और एक जनवरी को भी क्षेत्र में गुलदार देखा गया था। इसकी जानकारी फोन के माध्यम से डीएफओ को दी गई थी।

डीएफओ को वीडियो और फोटो भी उपलब्ध कराए गए थे। इसके बाद भी क्षेत्र में न तो पिंजरा लगाया गया और न ही झाड़ियों का कटान किया गया। ऐसे में रात के समय लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।

## शब्दोत्सव: उत्तराखंड में कट्टरवादी मानसिकता को पनपने नहीं दिया जाएगा: धामी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकारी भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में किसी भी प्रकार की कट्टरवादी मानसिकता को पनपने नहीं दिया जाएगा।

देवभूमि के देवत्व और मूल स्वरूप की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता और व्यक्तिगत संकल्प है। रविवार को नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में आयोजित शब्दोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए।




उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। इस अभियान के तहत अब तक 10 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जुलाई, 2026 के बाद केवल वही मदरसे संचालित हो सकेंगे जो राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का पालन करेंगे। शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अब तक 250 से अधिक ऐसे मदरसों को बंद किया जा चुका है, जो नियमों और मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है।

आगामी विधानसभा चुनाव पर सीएम ने कहा कि राज्य में संगठन व सरकार निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, दंगा विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून तथा मदरसा बोर्ड को समाप्त कर नया अधिनियम लागू करना सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केदारखंड और मानसखण्ड दोनों क्षेत्रों में तीर्थस्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है। चारधाम ऑल वेदर रोड, बदरीनाथ मास्टर प्लान, हेमकुंड साहिब व केदारनाथ रोपवे जैसी परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

विपक्ष के विधायकों को सदन से बाहर निकलवाया

## सदन में मास्क लगाकर पहुंचे आप विधायक, प्रदूषण पर हंगामा

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली विधानसभा का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। सत्र की शुरुआत में ही एलजी के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के विधायकों ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हंगामा किया। इस हंगामे के कारण स्पीकर को कार्रवाई करनी पड़ी और विपक्ष के विधायकों को सदन से बाहर निकलवाना पड़ा।



स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कुलदीप कुमार, सोमदत्त और संजीव झा को सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया। आम आदमी पार्टी वायु प्रदूषण के मुद्दे पर भारतीय भाजपा सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है, और इसी के चलते सदन में आप के विधायक मास्क लगाकर पहुंचे। यह शीतकालीन सत्र 8 जनवरी तक चलेगा, हालांकि जरूरत पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा, महात्मा गांधी के सर्वोदय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय तथा बाबासाहब अम्बेडकर के समता के सिद्धांतों के अनुरूप पिछले 10 महीनों में सरकार ने दिल्ली के सभी नागरिकों के कल्याण की दिशा में अनेक निर्णय लिए हैं। इस वर्ष सरकार ने 1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया। सरकार ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत व्यवसायिक प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया है।

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा, %विधानसभा सत्र आज से शुरू हो रहा है, और मुझे बहुत खुशी है कि सरकार ने पिछले 10 महीनों में दिल्ली में बहुत काम किया है। कई पुरानी समस्याएं हैं जिनका सरकार सामना कर रही है, लेकिन मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में नतीजे दिखेंगे। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या है, यमुना नदी की सफाई की समस्या है, और सड़कों की समस्या है जिन्हें लंबे समय तक नज़रअंदाज़ किया गया था। इन सभी चीज़ों में समय लगता है। सरकार तत्परता से काम कर रही है।

## रामनगर में मजदूर की जान लेने वाली बाघिन, साढ़े पांच घंटे में रेस्क्यू

रामनगर
हमारे संवाददाता

रामनगर के पाटकोट क्षेत्र के भालोन गांव में श्रमिक की जान लेने वाली बाघिन को वन विभाग की टीम ने साढ़े पांच घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया।



रामनगर में श्रमिक अभिमन्यु को मारने वाली बाघिन को वन विभाग की टीम ने साढ़े पांच घंटे में रेस्क्यू कर लिया। दरअसल अपने स्वभाव के कारण युवक को मारने के कुछ घंटे बाद बाघिन दोबारा घटनास्थल पर पहुंची और अपने ही चक्रव्यूह में फंस गई। डॉ. दुष्यंत शर्मा ने बताया कि बाघिन के दोबारा आने का इंतजार किया। रात करीब 11:30 बजे जैसे ही बाघिन मौके पर दोबारा पहुंची तो टीम ने ट्रैंक्यूलाइज गन से डॉट मारकर उसे बेहोश कर दिया। उन्होंने बताया कि बाघिन अपने शिकार की गंध के पीछे-पीछे दोबारा मौके पर आती है। बाघिन की उम्र करीब ढाई साल है। पाटकोट के भलोन में शाम करीब साढ़े छह बजे वन्यजीव के हमले में श्रमिक की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश था। सूचना देने के करीब एक घंटे तक जब डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया और एसडीओ अंकित बडोला नहीं पहुंचे तो ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया।

सीटीआर के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. दुष्यंत शर्मा और उनकी टीम शाम 7:30 बजे के आसपास हमलावर वन्यजीव को रेस्क्यू करने भालोन गांव पहुंची।

## घर के बाहर खड़ा था व्यक्ति, भालू ने किया अचानक हमला



चमोली। कर्णप्रयाग आदिबदरी के ग्राम पंचायत बुंगा के कंड तोक में भालू ने घर के बाहर खड़े व्यक्ति पर हमला करने की कोशिश की। व्यक्ति ने घर के अंदर घुसकर दरवाजा बंद करके अपनी जान बचाई। क्षेत्र पंचायत सदस्य भूपेंद्र कुंवर ने जानकरी देते हुए बताया की शोर मचाने पर भालू वहां से भागा। घटना की सूचना से ग्रामीणों में दहशत है ग्रामीण। घटना सुबह 7:30 बजे करीब की है। भालू के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रहीं हैं। राज्य बनने के बाद से पिछले साल भालू के हमलों में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है।

## मौसम: मैदान में कोहरा तो पहाड़ में पाला बढ़ाएगा ठंड

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में कोहरा तो पर्वतीय क्षेत्रों में पाला ठंड बढ़ा सकता है। जबकि कुछ मैदानी इलाकों में कोहरा छाए रहने से शीत दिवस जैसी स्थिति रहेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी जिले में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया। इसके चलते इन जिलों के कुछ हिस्सों में शीत दिवस जैसी स्थिति रहेगी। आने वाले दिनों की बात करें तो प्रदेशभर का मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि छह जनवरी को पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना है लेकिन इसके बाद सात से 10 जनवरी तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। उधर रविवार के तापमान की बात करें तो देहरादून में अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक के साथ 20.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

नैनीताल में बीते दिवस मौसम का सितम बेहद सर्द रहा। हल्का कोहरा वातावरण को आगोश में लिए रहा। ठंड से राहत पाने के लिए लोगों को हीटर का सहारा लेना पड़ा। उच्च हिमालय क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के कारण शीतलहर चलनी शुरू हो गई है। जिस कारण ठंड में खासी बढ़ोतरी हो चली है।

## सनसनी: हल्द्वानी में गोलीकांड, पार्षद पर युवक की हत्या का आरोप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर के जजफार्म क्षेत्र में देर रात हुए एक सनसनीखेज गोलीकांड ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। आरोप है कि निगम पार्षद अमित बिष्ट ने जज फार्म निवासी युवक नितिन लोहनी पुत्र कैलाश चंद्र लोहनी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि नितिन लोहनी अपने दोस्त कमल भंडारी के साथ गौलापार गया था और शाम करीब साढ़े पांच बजे स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान उसे गोली मार दी गई। गंभीर हालत में उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार नितिन के पिता पेशे से पुरोहित हैं। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि आरोपी पार्षद अमित बिष्ट का पहले भी विवादों से नाता रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले अमित बिष्ट के भतीजे कान्हा का कोमल दरम्वाल से झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश को घटना की वजह माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने नितिन को कैमरे में टहलते हुए देखा और उसके बाद गोली चला दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के तमाम आला अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपी निगम पार्षद अमित बिष्ट को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले की गहन जांच जारी है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि घटना देर रात की है और युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। हत्या के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



मृतक युवक नितिन फाइल फोटो।



एस पी सिटी

पीयूष लोहनी की ओर से तहरीर मिली है। तहरीर में जो तथ्य दिए गए हैं उसी आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस इंवेस्टिगेशन कर रही है। जो भी जांच में सामने आएगा उसी आधार पर कार्रवाई आगे शुरू की जाएगी। पुलि सभी एंगल को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। एक चश्मदीद भी है, उसे भी पूछताछ की जहा रही है।

मृतक के चश्मदीद गवाह कमल भंडारी को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराएगी। उसकी जान को खतरे में देखते हुए पुलिस के आला अधिारियों ने यह निर्णय लिया है।

# अंकिता भंडारी हत्याकांडःनैनीताल में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को नैनीताल कलब चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मामले में वीवीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग उठाई।

इससे पूर्व रविवार की सुबह 11 बजे से शाम को 4.30 बजे तक महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की साथ ही विधायक सरिता आर्या का पुतला जलाने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इस संबंध में विधायक सरिता आर्या को ज्ञापन सौंपा गया था जिसका जवाब नहीं मिलने पर रविवार को यहां प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान नैनीताल के साथ ही काशीपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी की करीब दो दर्जन से अधिक महिलाएं मौजूद रही।



प्रदर्शन के दौरान विधायक सरिता आर्या से फ ोन पर बातचीत करने की कोशिश की गई, जिस पर विधायक सरिता ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है और वह इस कृत्य की घोर निंदा करती हैं। साथ ही उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा कि वह उनकी भी निंदा करती हैं। जिस पर प्रदर्शन कर रही महिलाएं और आक्रोशित हो गई और उन्होंने कलब के गेट के पास विधायक का पुतला जलाने की कोशिश की जिस दौरान पुलिस कर्मियों से भी उनकी नोंकझोंक देखने को मिली और कुछ देर जाम की स्थिति भी बनी रही। उसके बाद मौके पर पहुंचे सीओ रविकांत सेमवाल ने महिलाओं से बातचीत कर उन्हें समझाया और शांत कराया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में भी बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में पूजा सिंह, राधा आर्य, मोनिका, सुनीता कश्यप, रजनी, संगीता यादव, सरिता गुरुरानी, गीता बहुगुणा, जया कपिल, मीना सिंह, पुष्पा तिवारी, तुलसी बिष्ट, प्रीति सुहाना, मीना ढाली, गीता मंडल, लता तरुण, देवकी, चंपा सनवाल, सीमा सरकार, ममता, शैला नेगी, भगवती बिष्ट, कमला फ र्तियाल तथा सविता आदि मौजूद रही।

## सरकार वीवीआईपी का नाम उजागर नहीं कर रहीःजया

प्रदर्शन में कांग्रेस की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जया कर्नाटक ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा सरकार की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आज तक मामले में शामिल वीवीआईपी का नाम उजागर नहीं कर रही है और साक्ष्य बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिए गए। जया कर्नाटक ने कहा कि नैनीताल विधायक ने भी इस मामले में चुप्पी नहीं तोड़ी जिसको लेकर कांग्रेस को सड ़ों पर उतरना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिलेगा और वीवीआईपी को जेल नहीं भेजा जाएगा तब तक कांग्रेस का धरना प्रदर्शन पूरे प्रदेश में जारी रहेगा।कर्नाटक ने कहा कि इस संबंध में पहले ही नैनीताल विधायक को ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला।





## आगामी बार काउंसिल चुनाव विजय भट्ट के नामांकन पर अधिवक्ताओं का उमड़ा समर्थन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आगामी बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव हेतु अधिवक्ता विजय भट्ट द्वारा रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड का चुनाव 17 फरवरी 2026 को संपन्न होना प्रस्तावित है।ज्ञात हो कि अधिवक्ता विजय भट्ट उत्तराखंड बार काउंसिल के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड का गठन वर्ष 2004 में हुआ था तथा अधिवक्ता विजय भट्ट वर्ष 2004 से निरंतर बार काउंसिल से जुड़े हुए हैं।

नामांकन के अवसर पर रुद्रपुर, देहरादून, हल्द्वानी, नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, टनकपुर, खटीमा, उत्तरकाशी तथा रूड़की एवं पिथौरागढ़ सहित राज्य के विभिन्न जनपदों से भारी संखया में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही जिससे अधिवक्ता विजय भट्ट के प्रति अधिवक्ता समाज के व्यापक समर्थन का स्पष्ट संकेत मिला।

## रुद्रपुर में अंकिता भंडारी प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कैंडल मार्च

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अंकिता भंडारी प्रकरण की सीबीआई जांच करने की मांग को लेकर कांग्रेसी समेत कई संगठनों ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान लोगों ने सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।

रविवार देर शाम दक्ष चौक पर एकत्रित हुए लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च गोल्ज्यू मंदिर तक पहुंचकर न्याय के देवता श्री गोलू से अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। कैंडल मार्च में कौशल्या, नंद विहार आनंद विहार ,मैत्री विहार कॉलोनी, मां सरस्वती ,हिल व्यू सिटि,फुलसुंगा,फुलसुंगी, बालाजीपुरम सहित कई कॉलोनी के सैकड़ों लोग पहुंचे। कैंडल मार्च में महिलाओं की भागीदारी रही। इस अवसर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि सरकार अंकिता भंडारी प्रकरण में शामिल वीआईपी को बचा रही है। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की। कैंडल मार्च में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,संजय जुनेजा,पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू, हरीश मिश्रा, गोपाल पटवाल ,राजेंद्र बोरा, दिनेश बम, लाल सिंह, शिशुपाल ,हंसी मिश्रा, प्रभा मिश्रा ,संजय सिंह, अशोक चोपड़ा ,नेहा पांडे ,हेमा गोस्वामी ,रूपाली चौहान, श्वेता गंगवार, कंचन हरबोला,कल्पना पांडे,कैलाश भंडारी, अवधेश महाराज, नागेंद्र तिवारी, हेम पंत, सुनीता, मनीषा पांडे आदि रहे।



## NEWS / फटाफट

### अंकिता की हत्या कर साक्ष्य मिटा दिए गएः खष्टी



**नैनीताल** । जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि अंकिता भंडारी एक गरीब परिवार की बेटी थी जो अपने सपने पूरे करने के लिए रिजॉर्ट में काम कर रही थी। उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटा दिए गए। उन्होंने कहा कि आज देवभूमि उत्तराखंड की महिलाएं सड़कों पर उतरकर अंकिता को न्याय दिलाने की मांग कर रही हैं। उन्होंने धामी सरकार से आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग की और कहा कि सरकार सबूत मांग रही है जबकि सबूत तो पहले ही बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिए गए हैं। उन्होंने अंकिता का बिस्तर जलाने और होटल तोड़े जाने का हवाला देते हुए कहा कि यह साफ दर्शाता है कि उसके साथ बहुत गलत हुआ। कहा कि जेल में बंद पुलकित आर्य केवल एक मोहरा है असली चेहरे को सरकार छिपा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि गट्टू,बट्टू कौन हैं और उनके नाम अब तक सार्वजनिक कयों नहीं किए गए साथ ही उन्होंने बेतालघाट और अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र के मामलों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इनमें भी भाजपा कार्यकर्ता लिप्त पाए गए हैं। ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा यहां तक कि फांसी दी जानी चाहिए।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## कल मनाया जाएगा संकष्टी चतुर्थी व्रतः आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि इस वर्ष माघ संकष्टी चतुर्थी व्रत मंगलवार यानी 6 जनवरी को मनाया जाएगा तथा इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी है।

आचार्य पंडित प्रकाश जोशी ने बताया कि यह व्रत मुखय रूप से भगवान गणेश को समर्पित है जो जीवन से सभी संकटों तथा बाधाओं को दूर करने समेत संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है ताकि ज्ञानए स्वास्थ्य और धन की प्राप्ति हो सके और सभी मनोकामनाएं पूरी हों। बताया कि इस दिन चतुर्थी तिथि दो घड़ी पांच पल यानी सुबह 8.02 बजे से प्रारंभ होगी। इस दिन अश्लेषा नामक नक्षत्र 12घड़ी 45 पल यानी दोपहर 12.18 बजे तक है। यदि योग की बात करें तो प्रीति नामक योग 32घड़ी 52 पल यानि दोपहर 2.05 बजे तक है। इस दिन विष्टि नामक करण यानी भद्रा दो



घड़ी पांच पल अर्थात प्रातः 8.02 बजे तक है। इस दिन के चंद्र देव दोपहर 12.18 बजे तक कर्क राशि में विराजमान रहेंगे जिसके बाद सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। बताया कि इस दिन सबसे महत्वपूर्ण सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः7.12 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12.18 बजे तक रहेगा और इसके साथ ही मंगलवार होने के कारण यह संकष्टी चतुर्थी व्रत अंगारकी संकष्टी चतुर्थी व्रत के रूप से जाना जाएगा। इसलिए इस दिन व्रत उपवास के दौरान अंगारकी संकष्टी चतुर्थी व्रत कथा पढना या श्रवण करना शुभ रहेगा।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर विरोध, श्रद्धांजलि दी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड-पूर्व मे हुए अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में आज बनभूलपुरा खिदमत फाउंडेशन द्वारा हल्द्वानी ताज चौराहा पर कैंडिल जला कर अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि दी गई।

जिस तरहं पूर्व भाजपा विधायक की पत्नी द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा नेताओं पर आरोप लगाए जा रहे हैं, वीआईपी के नाम का खुलासा किया जा रहा है, कॉल रिकार्डिंग सुनाई जा रही हैं, यहां तक कि मुख्यमंत्री पर भी कथित वीआईपी को बचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। जिससे ये लगने लगा है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में कई और लोगों के दोषी होने की संभावना है। इन नए खुलासों के बाद से पुरे उत्तराखण्ड प्रदेश मे जगह जगह भाजपा की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी हैं।



इसी कड़ी में बनभूलपुरा खिदमत फाउंडेशन के संयोजक मो.अरबाज ने कहा कि अंकिता भंडारी मामले से जूड़ी सारी घटनएं बहुत ही निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं और इस मामले को लेकर सरकार से मांग करते है कि हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में इस हत्याकांड की सीबीआई जांच हो। अरबाज ने कहा कि इस कांड के सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिये ताकि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की घटना करने की हिम्मत ना कर सके।

इस दौरान शाहदब खान, फैसल, वासीम,साजिद सिद्दीकी,रोहित पार्षद, साहिल, शाहेज, साहिर, शाहनवाज मलिक, साहिल, मुबीस रजा, जीशान, सुहैल, आफताब,जावेद, फरमान,शानू अल्वी,नफीस अहमद खान ,फिरोज खान, फैजान, रहमान, शारिक बादशाह आदि रहे।

# अभिमत

## पहाड़ से भी भारी!

*विकास की अंधी दौड़ ने समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं। अधिक बोझ के लिए कहावत है कि पहाड़ की तरह भारी है, परन्तु अब मानव की गतिविधियां पहाड़ पर भारी पड़ रही हैं। मनुष्य का बोझ पहाड़ सहन नहीं कर पा रहा है। यातायात के दबाव से भवाली-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दरारें पड़ गई हैं। नैनीताल में लोअर माल रोड की मरम्मत के दौरान अपर माल रोड दरक रही है और दरार पड़ गई हैं। भूमियाधार क्षेत्र के लोगों का कहना है कि दरारें धीरे-धीरे चौड़ी होती जा रही हैं और हादसे की आशंका है। पहाड़ की सड़कों की ऐसी हालत सिर्फ दो जगह नहीं है।*

विज्ञान के विभिन्न आविष्कारों और नई-नई तकनीक का सदुपयोग मनुष्य के जीवन को सुविधाजनक बना रहा है। विकास की अंधी दौड़ ने समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं। अधिक बोझ के लिए कहावत है कि पहाड़ की तरह भारी है, परन्तु अब मानव की गतिविधियां पहाड़ पर भारी पड़ रही हैं। मनुष्य का बोझ पहाड़ सहन नहीं कर पा रहा है। यातायात के दबाव से भवाली-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दरारें पड़ गई हैं। नैनीताल में लोअर माल रोड की मरम्मत के दौरान अपर माल रोड दरक रही है और दरार पड़ गई हैं। भूमियाधार क्षेत्र के लोगों का कहना है कि दरारें धीरे-धीरे चौड़ी होती जा रही हैं और हादसे की आशंका है। पहाड़ की सड़कों की ऐसी हालत सिर्फ दो जगह नहीं है। बारिश के मौसम में लोअर माल रोड का बड़ा हिस्सा झील में समा गया था। पूरे उत्तराखंड में सैकड़ों सड़कों पर यातायात बाधित हो गया था। शासन और प्रशासन द्वारा समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जाता है। यातायात के नियमों का पालन नहीं करने से जन सामान्य भी पहाड़ पर जुल्म कर रहा है। पहाड़ पर सड़कों की चौड़ाई, मोड़ की त्रिज्या और पुलों की भार वहन क्षमता के अनुसार वाहनों का संचालन होना चाहिए। पहाड़ पर घुमावदार और खड़ी चढ़ाई की सड़क पर वाहन की गति का मानक निर्धारित है। ट्रक, बस और अन्य भारी वाहन सीमित तथा विशेष अनुमति पर संचालित होने चाहिएं। कार, जीप और हल्के ट्रक की गति 25 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए। कटु सत्य यह है कि नियमों को ताक पर रखकर सैकड़ों कुंतल भार लाद कर दस टायर वाले बड़े ट्रक पहाड़ की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। खनन और निर्माण कार्य के लिए जेसीबी और पोकलैंड जैसे भारी वाहनों की पहाड़ पर भरमार है। खनन सामग्री से भरे डम्परों से सड़कों पर दबाव बढ़ रहा है। सड़क, पुल और अन्य निर्माण की गुणवत्ता पर उंगली उठती रहती है। कमीशनखोरी व रिश्वत की शिकायतें आये दिन मिलती रहती हैं। पहाड़ पर लम्बे समय से ऑलवेदर रोड का निर्माण हो रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने और वाहनों की संख्या अधिक होने से यातायात जाम की समस्या से निजात के लिए सड़कें चौड़ी की जा रही हैं। पिछले मानसून में अनेक जगह भूस्खलन से यातायात बाधित हुआ और कुछ क्षेत्रों में नवनिर्मित सड़क पूरी तरह ध्वस्त होकर खाई में गिर गई। वाहनों का दबाव पहाड़ की सड़कें बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार सड़क और अन्य निर्माण कार्य सीमित होने से ही पहाड़ बच पायेगा।

# कांग्रेस कर रहीं मुद्दा विहीन राजनीतिः प्रताप बिष्ट

### बुद्ध पार्क नैनीताल रोड हल्द्वानी में कांग्रेस का पुतला दहन किया



हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल के महिला मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा बुद्ध पार्क नैनीताल रोड हल्द्वानी में कांग्रेस का पुतला दहन किया गया।

सभी पदाधिकारी-कार्यकर्ता बुद्ध पार्क पर एकत्रित हुए और अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे भ्रामक आरोपों के विरोध में प्रदर्शन कर विपक्षी पार्टी कांग्रेस का पुतला दहन कर जमकर कांग्रेस विरोधी नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने इस पुतला दहन दौरान के कांग्रेस पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है ,अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर लगातार तथ्यहीन, भ्रामक और घृणित राजनीति कर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं पर निराधार आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार ने इस जघन्य अपराध में त्वरित, निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई है और कहा कि यह न्याय, सुशासन और कानून के राज का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कांग्रेस को सत्ता में रहते न्याय की परिभाषा भी याद नहीं थी और वो आज झूठ, अफवाह और सोशल मीडिया के शोर के सहारे प्रदेश का वातावरण बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इस प्रकार की राजनीति से दिवंगत अंकिता भंडारी की आत्मा को भी ठेस पहुंच रही है। भाजपा नेता ने स्पष्ट किया कि यदि कांग्रेस के पास इस मामले से संबंधित कोई ठोस सबूत हैं, तो उन्हें सार्वजनिक बयानबाजी के बजाय न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है और सभी दोषी वर्तमान में जेल में बंद हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल , विधायिका सरिता आर्य, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , जिला महामंत्री रंजन बर्गली, विनीत अग्रवालजिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, प्रताप सिंह बोरा, नीरज बिष्ट, पूर्व महापौर जोगिंद्र पाल सिंह रौतेला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कंचन ठप्रेती, अलका जीना, मंडल, जिला, प्रदेश के सभी मोर्चों एवं वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसबीआई जरनल इंश्योरेंस द्वारा फसल बीमा में समुचित मुआवजा ना देने से किसान आक्रोशित

**नैनीताल** । एसबीआई जरनल इंश्योरेंस द्वारा फ सल बीमा में समुचित मुआवजा ना देने से किसान आक्रोशित हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर मुआवजा राशि में वृद्धि नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा और भविष्य में फ सलों का बीमा नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि बीमा कंपनी की मनमानी से बलॉक भीमताल के किसानों में रोष व्याप्त है वहीं किसान सेवा सहकारी समिति एमपेस में रोज दर्जनों किसान बीमा राशि के संबंध में जानकारी के लिए कार्यालय पहुंच रहे है लेकिन वहां भी इस संबंध में कोई अपडेट ना होने से वापस लौटना पड़ रहा है। समिति अध्यक्ष आशा जीना समेत ग्राम प्रधानों प्रधान हरगोविंद रावत, डा.बबीता मनराल, प्रेमलता बागली, बीना जीना, नवल कुमार तथा उपाध्यक्ष इंदर नेगी व राकेश मेहरा तथा धन सिंह जीना आदि ने बैठक कर किसानों की मांग को जायज बताते सरकार से समुचित बीमा राशि दिलाए जाने की मांग की है।

## हाईकोर्ट ने नैनीताल के रेनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेनोलॉजी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया

नैनीताल
हमारे संवाददाता



हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिका का निस्तारण करते हुए नैनीताल के रेनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेनोलॉजी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह अर्थदंड कॉलेज की ओर से अपने होटल मैनेजमेंट कोर्स में प्रवेश लेने वाले कुछ छात्रों के बारे में समय पर जानकारी न देने के कारण लगाया गया है।

कॉलेज ने याचिका दायर कर शिकायत की थी कि अकादमिक वर्ष 2025-26 में बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट कोर्स में एडमिशन लेने वाले 52 छात्रों में से 11 छात्रों को कुमाऊं विश्विद्यालय नैनीताल ने पंजीकरण नहीं किया जिस वजह से यह छात्र तीन जनवरी से शुरू हो चुकी सेमेस्टर परीक्षा के लिए परीक्षा फ ॉर्म नहीं भर पाए।

कॉलेज ने विश्विद्यालय से मांग की कि इन 11 छात्रों को तत्काल एनरोलमेंट नंबर दिए जाएं और उन्हें सेमेस्टर परीक्षाओं में बैठने की अनुमति दी जाए।कुमाऊं विश्विद्यालय के अधिवक्ता ने बताया कि हर कॉलेज को अपने छात्रों का पंजीकरण पोर्टल 9 से 12 दिसंबर तक खुले पोर्टल पर करना था। याचिकाकर्ता कॉलेज सहित सभी कॉलेजों को इसकी जानकारी दी गई थी लेकिन याचिकाकर्ता कॉलेज की लापरवाही के कारण कुछ छात्रों के नाम रजिस्टर नहीं हो पाए।

पहले समर्थ पोर्टल राज्य सरकार की ओर से चलाया और मेंटेन किया जाता था लेकिन 22 दिसंबर को सरकार ने एक निर्देश जारी कर विश्विद्यालय को समर्थ पोर्टल चलाने की अनुमति दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कॉलेज को 11 छात्रों के नाम समर्थ पोर्टल पर रजिस्टर करने की अनुमति दी जाएगी ताकि उनके एनरोलमेंट नंबर भी जेनरेट हो सकें और अपना परीक्षा फ ॉर्म जमा कर सकें।

# फिल्मी दुनिया

## रणवीर सिंह ने डांस के लिए अचानक लिया क्रिस्टल डिसूजा का नाम





*अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा धुरंधर के गाने शरारत में डांस करने के बाद से चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर रणवीर सिंह के साथ डांस करने को लेकर एक खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि जब रणवीर सिंह ने उनसे अचानक स्टेज पर आने को कहा तो उन्होंने क्या सोचा था? इवेंट का यह पल सुर्खियों में आ गया।*

*जूम से बात करते हुए क्रिस्टल डिसूजा ने बताया मेरा यकीन कीजिए। मैं इस मौके के लिए एक प्रतिशत भी तैयार नहीं थी। अगर मैं तैयार होती तो मैं साड़ी नहीं पहनती। मैं उनमें से हूं जो कभी साड़ी नहीं पहनती है। मैं ज्यादातर पैंट पहनती हूं। हालांकि मैंने साड़ी पहनी और मैं वहां गई। उन्होंने हमसे कहा था आपको इवेंट में सिर्फ बैठना है। हम स्टेज पर गाना लॉन्च करेंगे। जैसमीन और मधुबंती स्टेज पर शरारत गाना गाएंगे। आपको सिर्फ ताली बजानी है। हम कुछ वीडियो लेंगे। क्रिस्टल ने कहा कि इवेंट के बीच हैरान करने वाला वाकिया हुआ। उन्होंने कहा हम वहां गए। रणवीर सिंह वहां बैठे थे। मैं भी वहां बैठी थी। जैसमीन और मधुबंती स्टेज पर गाना गा रही थीं। अचानक रणवीर सिंह ने कहा क्रिस्टल, यह आपका गाना है। चलो चलते हैं। इसके बाद उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा और स्टेज पर ले गए। यह सुन कर मैं हैरान थी। उनकी ऊर्जा ट्रांसफर हुई। इसके बाद मैंने उनके साथ डांस किया।*

### शरारत के बारे में

*5 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म धुरंधर को काफी सराहना मिल रही है। यह बॉक्स ऑफिस पर अब भी अच्छी कमाई कर रही है। इसके गाने शरारत को यूट्यूब पर 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने को शाश्वत सचदेव ने कंपोज किया है। इसे मधुबंती बागची और जैसमीन सैंडलस ने गाया है। विजय गांगुली ने इस गाने को कोरियोग्राफ किया है।*

## हाईकोर्ट ने केस की सभी कार्रवाई को समाप्त कर दिया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर के एसीजेएम कोर्ट के सिविल केस को क्रिमिनल केस में बदलने के मामले में सितंबर 2022 में दर्ज प्राथमिकी को रद करने का आदेश दिया है साथ ही केस की सभी कार्रवाई को भी समाप्त कर दिया है। काशीपुर निवासी अनूप अग्रवाल और अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर एसीजेएम के आदेश को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि यह आदेश न्यायिक विवेक प्रयोग किए बिना दिया गया है। विवाद की जड़ 1997 और 2009 के बीच महेश कुमार अग्रवाल की ओर से याचिकाकर्ताओं के पक्ष में की गई 11 रजिस्टर्ड सेल डीड हैं। सबसे पुरानी सेल डीड 27 मार्च 1997 की है नौ सेल डीड 2004 में की गई थीं और आखिरी सेल डीड 2009 में की गई थी। सभी सेल डीड रजिस्टर्ड दस्तावेज हैं। सेल डीड करने वाले महेश कुमार अग्रवाल का 2010 में निधन हो गया। वर्ष 2021 में महेश की विधवा पुष्पा अग्रवाल ने एक पुलिस शिकायत दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया गया कि सेल डीड जाली थीं हालांकि कोई एफ आईआर दर्ज नहीं की गई जिससे उन्हें याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी के निर्देश के लिए एसीजेएम की अदालत में मामला दर्ज करना पड़ा। न्यायालय ने उनका आवेदन खारिज करने के बाद उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया। कोर्ट में अगस्त 2022 में एसीजेएम को नए सिरे से विचार करने और एक तर्कपूर्ण आदेश पारित करने का निर्देश दिया तो एसीजेएम ने प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जिसके बाद सितंबर 2022 में प्राथमिकी दर्ज की गई। न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने 23 दिसंबर को पारित आदेश में पाया कि सेल डीड्स के बारे में पूरी जानकारी होने के बावजूद सिविल कोर्ट में उन्हें चुनौती न देना और लंबे समय बाद सीधे आपराधिक कार्यवाही का सहारा लेनाए एक ऐसी परिस्थिति थी जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।हाईकोर्ट ने कहा कि आपराधिक कानून को सिविल उपायों के विकल्प के रूप में प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## News कॉर्नर

### निःशुल्क नेत्र शिविरः80 लोगों की गई नेत्र जांच



**नैनीताल ।** दृष्टि सेंटर फॉर एडवांस्ड आई केयर हल्द्वानी द्वारा ज्योलीकोट में अपने सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत निःशुल्क आँखो की जाँच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्सी लोगों के आंखों की जांच मोतियाबिंद, नजर की दिक्कत, बीमारियों, रक्तचाप तथा शुगर और दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ एक दर्जन लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। ग्राम प्रधान नवल कुमार तथा हरगोविंद रावत ने शिविर आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। दल में हार्ष्णेश्वीर सिंह सीनियर ऑप्टिमेट्रीस्ट, शिवम् ऑप्टिमेट्रीस्ट गंगा प्रसाद, नरेश शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

### मंगोली गांव में व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली गांव में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मंगोली पट्टी के गजेंद्र सिंह महरा ने मामले में मल्लीताल स्थित कोतवाली मल्लीताल में इस संबंध में तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि 26 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) की शाम वह अपने घर जा रहे थे कि प्राथमिक विद्यालय मंगोली के पास पहुंचते ही किशन सिंह महरा ने बगैर किसी बात के उस पर जानलेवा हमला कर दिया। किसी तरह उनसे जान बचाई। आरोप है कि किशन सिंह ने उनके कोर्ट केस संबंधित दस्तावेजों भी फ ाडने के साथ मोबाइल तोड़ दिया। सोने की अंगूठी और चेन भी छीन ली।आरोपी ने परिवार के सदस्यों को भी जान से मारने की धमकी दी।

# राधिका ज्वेलर्स में हुई चोरी के अंतरराज्यीय चोर गिरोह के चार अभियुक्त दबोचे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



मुखानी थाना क्षेत्र में स्थित राधिका ज्वेलर्स में हुई बड़ी चोरी का नैनीताल पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के चार अभियुक्तों को नेपाल बॉर्डर के पास बनबसा (जनपद चम्पावत) से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोना, चांदी और नकदी सहित लाखों रुपये का चोरी का माल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित नवनीत शर्मा ने 21 दिसंबर 2025 को थाना मुखानी में तहरीर दी थी कि 19 दिसंबर की रात से 21 दिसंबर की सुबह के बीच अज्ञात चोरों ने पड़ोसी दुकान की दीवार तोड़कर उनकी दुकान से 20-25 किलो चांदी, 300-400 ग्राम सोने के आभूषण और 20-25 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. के निर्देश पर विशेष टीमों का गठन किया गया। एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल के निर्देशन और सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की। फुटेज में चोरी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन संदिग्ध रूप में नजर आया।

लगातार सर्विलांस, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीमों ने 4 जनवरी 2026 की सुबह नेपाल बॉर्डर के पास बनबसा क्षेत्र से चारों अभियुक्तों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों में नेपाल, मुंबई और झारखंड के रहने वाले शातिर चोर शामिल हैं, जिनमें से एक गैंग लीडर भी है। इस बड़ी सफलता पर एसएसपी नैनीताल ने पुलिस टीम के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें 2,500 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। पुलिस ने झारखंड गैंग का सरगना मकसूद शेख निवासी डियारा, पोस्ट पियारपुर, थाना उधवा राधानगर जिला साहिबगंज झारखंड, बसंत सिंह खत्री निवासी दैइजी, थाना दैइजी महेंद्रनगर, जिला कंचनपुर नेपाल, तनवीर अहमदनिवासी गुलबर्गा कुरला ईस्ट, थाना चुनाभट्टी मुंबई, इमरान शेख निवासी अजुल टोला, थाना राधानगर, जिला साहिबगंज, झारखंड को गिरफ्तार किया गया । चोरी के खुलासे के दौरान एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कांस्टेबल अनिल कुमार, वह इसरार नबी की भूरी भूरी प्रशंसा की एसपी ने बताया कि इसरार नबी व अनिल गिरी ने इस चोरी के खुलासे के लिए हल्द्वानी शहर के सभी सीसीटीवी की फुटेज निकाल कर दी है उनकी कड़ी मेहनत थी इसीलिए यह दोनों प्रशंसा के हकदार हैं ।

# सांसद भट्ट ने 10 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




नैनीताल - ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने रुद्रपुर में 10 करोड़ की लागत से होने वाले 10 बड़े निर्माण काम का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें नेशनल हाइवे 74, अपोलो टायर्स से दक्ष चौक तक 3.3 किलोमीटर 2.15 करोड़ की लागत से बने मार्ग का लोकार्पण, ट्रांजिट कैम्प चामुंडा मन्दिर तक वाइट टॉपिंग रोड 2 करोड़ की लागत से,रुद्रपुर किच्छा बाईपास ऑक्सफोर्ड स्कूल को जाने वाले 1.5 करोड़ इंटरलोकिंग मार्ग के कार्य का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्य बाजार में 2.82 करोड़ की लागत से 2 किलोमीटर आंतरिक मार्गो का निर्माण के साथ बिगवाड़ा 40 लाख की लागत से वीर सिंह के घर से गुरुद्वारा को जाने वाले सीसी सड़क का लोकार्पण किया। विधायकनिधि के अन्तर्गत बिगवाड़ा क्षेत्र की कालोनीयों में हुऐ विभिन्न मार्ग के निर्माण कार्यों,मन्दिर सौंदर्यकरण, सामुदायिक भवन, टीन शेड जैसे छोटे बड़े कार्य शामिल है।सांसद अजय भट्ट ने विधायक शिव अरोरा व महापौर विकास शर्मा की मौजूदगी में शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान सांसद भट्ट ने कहा क्षेत्र में एक के बाद एक बड़े कार्य हमारी सरकार निरंतर करवा रही है। चाहे वो रिंग रोड की बात करें ,जिसके बाद दिल्ली, देहरादून से आने वाले लोग सीधा हल्द्वानी नैनीताल की ओर जा सकेंगे। उन्होंने कई बड़े विकास कार्यों को भी गिनाए। वही उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की कक्षा 2026 में प्रारम्भ होने जा रही है, कामकाजी महिलाओ के छात्रवास का कार्य भी तेजी से चल रहा है । शहर से सटा किच्छा में सेटलाइट एम्स भी बहुत जल्द बन कर तैयार होगा जो स्वास्थ के क्षेत्र में कुमाऊ के लोगो के लिये बहुत उपयोगी सबित होगा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को थमने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, सुरेश कोली, तरुण दत्ता,वेद टुकराल, राजेश बजाज, रश्मि रस्तोगी, उपेंद्र चौधरी, शालिनी बोरा, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

# विश्वजीत फिर बने स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड स्टेट प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव में एक बार फिर वरिष्ठ पत्रकार विश्वजीत सिंह नेगी को प्रदेशभर के पत्रकारों का मुखिया चुना गया है।

देहरादून स्थित उत्तराखंड स्टेट प्रेस क्लब में संपन्न हुए इस चुनाव में वे निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए, जिससे पत्रकार जगत में उत्साह और एकजुटता का माहौल देखने को मिला। नव-निर्वाचित पदाधिकारी—-अध्यक्ष विश्वजीत सिंह नेगी (देहरादून), उपाध्यक्ष-संजय तलवाड़ (हल्द्वानी, नैनीताल), गोविंद सिंह बिष्ट (टिहरी गढ़वाल), दीपिका रावत (देहरादून), महामंत्री-चन्द्रशेखर जोशी (देहरादून), सचिव-साकेत अग्रवाल (नैनीताल), चिरंजीवी सेमवाल (उत्तरकाशी),हरीश मेहरा (उधम सिंह नगर), दीपक नौटियाल (हरिद्वार), कोषाध्यक्ष-ज्ञान प्रकाश पांडेय (हरिद्वार), संप्रेक्षक-कार्तिक बिष्ट (रामनगर), कार्यकारिणी सदस्य-शंकर दत्त घिल्डियाल (उत्तरकाशी), कृष्ण गोविंद कंसवाल (टिहरी), लक्ष्मण राणा (चमोली), हरि नारायण अग्रवाल (उधम सिंह नगर), रमेश चंद पांडे कृषक (बागेश्वर), जगदीश राय (चंपावत), हरीश भंडारी (अल्मोड़ा), राहुल सिंह दरम्याल (नैनीताल), बद्री नौटियाल (रुद्रप्रयाग), अनिल बहुगुणा (पौड़ी), निशांत चौधरी (हरिद्वार), विशेष आमंत्रित सदस्य-अनुज अग्रवाल (देहरादून), संरक्षक-सुभाष गुप्ता, विजय धस्माना, परमिंदर कुमार गोस्वामी (वरिष्ठ पत्रकार)। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी दिनेश शास्त्री की देखरेख में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। इस चुनाव में प्रदेश के सभी जिलों से वरिष्ठ पत्रकारों, प्रेस क्लबों एवं प्रेस यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता निभाई।



# कोतवाली पुलिस ने युवक को तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान प्रीत विहार क्षेत्र से 315 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक कोतवाली की चौकी रम्पुरा क्षेत्र में टीम गश्त पर निकली। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बाईक से मंचे को बेचने के लिए फील्ड में किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम वंश पुत्र राहुल सिंह निवासी रम्पुरा, वार्ड न0-21 बताया। को देखा, तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का नाजायज तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, मोबाइल फोन, कुछ नकद राशि और बाईक की चाबी बरामद की। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी ने स्वीकार किया कि तमंचा उसका है और वह इसे बेचने आया था। पुलिस ने युवक को धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया और वाहन को सीज कर दिया।उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। एसआई प्रियांशु जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### पुलिस की चंगुल में संदिग्ध,भारी मात्रा में चरस बरामद

**रुद्रपुर।** कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। कोतवाली की चौकी आवास विकास पुलिस गश्त पर लगे जवानों के साथ संयुक्त रूप से चैकिंग कर रहे। पुलिस सिडकुल रोड पर फुलशुंगी तिराहे के पास पहुंची तो एक संदिग्ध युवक हाथ में थैला लिए आते हुए देखा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने उसे पीछा करते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक की पहचान अनिल कुमार, पुत्र इन्द्र कुमार, निवासी ग्राम नरतोला, थाना मुक्तेश्वर, जिला नैनीताल के रूप में हुई। युवक ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चरस को बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में कुल 806 ग्राम चरस बरामद की। इसके अलावा युवक के पास से एक मोबाइल फोन, डायरी और क्वालिटी पॉलिसी कार्ड भी बरामद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। युवक के वाहन और बरामद सामान को भी सीज कर लिया गया है।

### स्वीठो में रामगंगा नदी पर मोटर पुल को शासन से मिली हरी झंडी

**अल्मोड़ा।** नए साल में चौखुटिया के लोगों को सौगात मिली है। झल्ला हाट मोटर मार्ग को जोड़ने के लिए चौखुटिया विकासखंड के अंतर्गत विजय नगर (स्वीठो) में रामगंगा नदी पर 90 किमी स्पान के मोटर पुल का निर्माण को शासन से हरी झंडी मिल गई है।

पहले चरण के कार्य के लिए 14.88 लाख धनराशि की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।

# पुलिस फायर सर्विस के दो लीडिंग फायरमैन को मिली पदोन्नति

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



अग्निशमन एवं आपात सेवा केंद्र में तैनात नैनीताल पुलिस फायर सर्विस के दो लीडिंग फायरमैन को पदोन्नति प्रदान की गई है। लीडिंग फायरमैन मदन सिंह राणा एवं लीडिंग फायरमैन (एलएफएम) सुशील कुमार को अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया

इस अवसर पर अग्निशमन एव आपात सेवा केंद्र हल्द्वानी में गरिमामय पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री गौरव किरार तथा अग्निशमन अधिकारी हल्द्वानी ने पदोन्नत कर्मियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. ने भी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने पदोन्नत कर्मियों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की।

# शुक्ला ने जित्सू खिलाड़ी गौरव, एनजीओ टीम लीडर आदित्य को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया

किच्छा

हमारे संवाददाता



पूर्व विधायक राजेश शुक्ला नेअपने आवास पर लालपुर निवासी जू-जित्सू खिलाड़ी गौरव धामी एवं द एक्सप्लोरर एनजीओ के टीम लीडर आदित्य तिवारी को कार्यकर्ताओं के साथ अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक शुक्ला ने जू-जित्सू खिलाड़ी गौरव धामी द्वारा 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्टेट लेवल पर गोल्ड मेडल तथा नेशनल लेवल पर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करने पर प्रसन्नता व्यक्त की, साथ ही द एक्सप्लोरर एनजीओ के टीम लीडर आदित्य तिवारी द्वारा वर्ष 2024 से लगातार धार्मिक स्थलों पर चलाए जा रहे स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त अभियान की सराहना की। उन्होंने बताया कि आदित्य तिवारी व उनकी टीम ने अब तक तीन बार बाबा केदारनाथ,बाबा नीम करोली कैंची धाम, नैनीताल, भीमताल सहित कई धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर सफाई अभियान चलाकर कई टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। साथ ही यात्रियों को पहाड़ आइए, मगर कूड़ा न फैलाइए का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के युवा यदि खेल और समाजसेवा के माध्यम से सकारात्मक संदेश दे रहे हैं तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। गौरव धामी जैसे खिलाड़ी प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं और आदित्य तिवारी जैसे युवा पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरण कर रहे हैं। ऐसे युवाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहन मिलना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी भी खेल, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो। शुक्ला ने दोनों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे भी खिलाड़ियों और सामाजिक कार्यों से जुड़े युवाओं को हर संभव सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस दौरान शशिकांत मिश्रा, दीप नारायण यादव, शेर सिंह, शेर बहादुर सिंह, गौरीशंकर, मंगत चुग, इश्तियाक खान, नीरज खुग्गर, डीके सिंह, महेंद्र कामरा आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम**

- आयोजित समारोह में पहाड़ आइए, मगर कूड़ा न फैलाइए का संदेश दिया